Seat No. : _______________

# KD-101-H

**March-2014**

## F.Y.B.Com. (Annual Pattern)

## Adv. Accounting & Auditing, (Paper – I)

## (Financial Accounting, Corporate Accounting) (Principal)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. 1 जनवरी 2013 के रोज हरी लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 20,000 इक्विटी अंश प्रकाशित किये । रकम निम्नानुसार भुगतान करनी थी : **14**

   आवेदन पर ₹ 2, प्रथम माँग पर ₹ 3

   आबंटन पर ₹ 3, द्वितीय माँग पर ₹ 2

   ता. 15 फरवरी तक 18,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । ता. 1 मार्च को सभी अंशों का आबंटन किया । 15 मार्च को आबंटन की सम्पूर्ण रकम मिल गयी । 15 मई को प्रथम माँग की गयी जो 1 जून को सम्पूर्ण मिल गयी । 15 जून को द्वितीय माँग की गयी । एक अगस्त को 1,000 अंशों पर द्वितीय माँग के अतिरिक्त शेष सभी अंशों पर माँग की रकम मिल गयी ।

   उपरोक्त व्यवहारों की जर्नल-प्रविष्टियाँ दीजिये ।

**अथवा**

1. (a) निम्नलिखित व्यवहारों का कम्पनी की बही में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये : **7**

   (1) कम्पनी की भरपाई पूँजी ₹ 100 वाले 50,000 इक्विटी अंशों की है । कम्पनी ने प्रस्ताव पास करके प्रत्येक इक्विटी अंश का ₹ 10 वाले 6 इक्विटी अंश तथा ₹ 5 वाले 8 अधिमान अंशों में विभाजन किया ।

   (2) कम्पनी ने ₹ 100 वाले 100 इक्विटी अंशों का ₹ 9,500 के इक्विटी स्टोक में रूपांतर किया ।

   (3) कम्पनी ने ₹ 950 का इक्विटी स्टोक के बदले में ₹ 10 वाले 100 इक्विटी अंश दिये ।

   (b) अभिगोपन कमीशन (underwriting commission) संबंधी कम्पनी कानून के प्रावधानों का वर्णन कीजिये । **7**

2. कौशल लिमिटेड का ता. 31-3-2013 के रोज का चिट्ठा निम्नानुसार है : **14**

| दायित्व | ₹ | सम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| इक्विटी अंश पूँजी : | | ख्याति | 1,20,000 |
| 10,000 इक्विटी अंश प्रत्येक ₹ 100 वाले | | पैटन्ट | 2,00,000 |
| सम्पूर्ण भरपाई | 10,00,000 | जमीन और मकान | 5,00,000 |
| अधिमान अंश पूँजी : | | प्लान्ट-यंत्र | 5,00,000 |
| 10,000 अधिमान अंश प्रत्येक ₹ 100 | | स्टोक | 3,00,000 |
| वाले सम्पूर्ण भरपाई | 10,00,000 | देनदार | 4,00,000 |
| 10% ऋणपत्र | 2,00,000 | रोकड़-बैंक | 1,00,000 |
| लेनदार | 1,00,000 | प्राथमिक खर्च | 1,20,000 |
| ऋणपत्रों का बकाया ब्याज | 20,000 | लाभ-हानि खाता | 80,000 |
| | **23,20,000** | | **23,20,000** |

अदालत ने पूँजी घटाव की निम्नानुसार की योजना स्वीकृत की :

(1) प्रत्येक इक्विटी अंश और अधिमान अंश ₹ 40 से घटाओ ।

(2) अदृश्य और अवास्तविक सम्पत्तियाँ अपलिखित की जायें ।

(3) ऋणपत्रधारियों ने अपना बकाया ब्याज जाने दिया ।

(4) जमीन और मकान, प्लान्ट-यंत्र तथा स्टोक की कीमत 20% से घटाओ ।

(5) ₹ 20,000 डूबत ऋण अपलिखित करो ।

उपर्युक्त योजना को अमल में लाने के लिए कमपनी की बही में आवश्यक रोजनामचा लिखिये और पूँजी घटाव के बाद का चिट्ठा तैयार कीजिये ।

**अथवा**

**2.** काजल लिमिटेड का ता. 31-3-2013 के रोज का चिट्ठा निम्नानुसार है : **14**

| दायित्व | ₹ | सम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| अंश पूँजी : | | ख्याति | 60,000 |
| 2,000 इक्विटी अंश प्रत्येक ₹ 100 का | 2,00,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 3,40,000 |
| 2,000, 7% शोधनीय अधिमान अंश प्रत्येक ₹ 100 का | 2,00,000 | विनियोग-लागत कीमत पर | 1,20,000 |
| | | चालू सम्पत्तियाँ | |
| पूँजी अनामत | 50,000 | घटाया : चालू दायित्व | 90,000 |
| सामान्य अनामत | 80,000 | | |
| लाभ-हानि खाता | 80,000 | | |
| | **6,10,000** | | **6,10,000** |

अधिमान अंश ता. 1-4-2013 के रोज 5% प्रीमियम से शोधन करने थे । इस उद्देश्य के लिए कम्पनी ने विनियोग ₹ 1,30,000 में बेचे तथा 1,000, 10% अधिमान अंश प्रत्येक ₹ 100 वाले प्रकाशित किये जो सम्पूर्ण भरपाई हुए । कम्पनी ने प्रत्येक 2 इक्विटी अंश के बदले एक अंश बोनस के रूप में दिया ।

कम्पनी की बही में जरूरी रोजनामचा लिखिये तथा इसके बाद का चिट्ठा तैयार कीजिये ।

3. मेसर्स समर्थ ब्रदर्स के नाम से धंधा करने वाली एक साझेदारी पेढ़ी का ता. 31-3-2013 के रोज का चिट्ठा निम्नानुसार है : **14**

| दायित्व | | ₹ | सम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी खाता : | | | पैटन्ट | 3,000 |
| समर्थ | 50,000 | | ख्याति | 7,000 |
| आरव | 30,000 | 80,000 | यंत्र | 56,000 |
| सामान्य अनामत | | 4,000 | मोटरकार | 15,000 |
| लेनदार | | 10,000 | स्टोक | 10,000 |
| बैंक लोन | | 12,000 | रोकड़ और बैंक | 10,000 |
| देय विपत्र | | 8,000 | पूर्वदत्त खर्च | 5,000 |
| | | | विज्ञापन उपलक खाता | 8,000 |
| | | **1,14,000** | | **1,14,000** |

ता. 1-4-2013 के रोज पेढ़ी का धंधा कामा लिमिटेड ने निम्नलिखित शर्तों पर खरीदा :

(1) खरीद कीमत ₹ 80,000 निश्चित की गयी ।

(2) खरीद कीमत के रूप में कम्पनी पेढ़ी को ₹ 10 वाले 5,000 इक्विटी अंश और बाकी की रकम रोकड़ में भुगतान करती है ।

(3) कम्पनी पेढ़ी की मोटरकार और देय विपत्र नहीं लेती है ।

(4) यंत्रों की कीमत ₹ 50,000 मूल्यांकीत की गयी जब कि पैटन्ट की कीमत शून्य गिनी गयी ।

(5) कम्पनी ने बाकी के 5,000 अंश आम जनता के लिये प्रकाशित किये ।

कम्पनी की बही में आवश्यक रोजनामचा लिखिये और ता. 1-4-2013 के रोज का चिट्ठा तैयार कीजिये ।

**अथवा**

**3.** कोई **दो** की चर्चा कीजिये : **14**

(1) घिसाई संबंधी दी इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्डर्ड एकाउन्टेन्ट्स द्वारा प्रकाशित हिसाबी मानक (AS)की चर्चा कीजिये ।

(2) दी इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स द्वारा प्रकाशित हिसाबी मानक-2 (AS-2) के अनुसार इन्वेन्टरी मूल्यांकन संबंधी विस्तृत चर्चा कीजिये ।

(3) हिसाबी मानक (AS) किसे कहते हैं ? इसके महत्त्व की चर्चा कीजिये ।

4. भगवान कम्पनी लिमिटेड की बही में ता. 31-3-2013 के रोज निम्नलिखित बाकियाँ थी : **14**

| **उधार शेष** | **₹** | **जमा शेष** | **₹** |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक स्टोक | 47,000 | अधिमान अंश पूँजी | 1,00,000 |
| जमीन-मकान | 2,00,000 | इक्विटी अंश पूँजी | 1,00,000 |
| प्लान्ट-यंत्र | 1,00,000 | अंश प्रीमियम | 20,000 |
| फर्नीचर | 40,000 | पूँजी अनामत | 50,000 |
| विनियोग | 70,000 | सामान्य अनामत | 88,000 |
| फुटकर औजार | 5,000 | 10% बन्धक ऋणपत्र | 50,000 |
| देनदार | 60,000 | लेनदार | 30,000 |
| खरीद | 1,10,000 | प्रोविडन्ड फंड | 15,000 |
| उत्पादक मजदूरी | 35,000 | बैंक लोन | 25,000 |
| वेतन | 50,000 | सार्वजनिक जमाएँ | 10,000 |
| भाड़ा और कर | 20,000 | लाभ-हानि खाता | 5,000 |
| डिरेक्टर फीस | 5,000 | विनियोगों से आय | 7,000 |
| डाक-तार खर्च | 6,000 | बिक्री | 3,00,000 |
| प्रो. फंड में अंशदान | 2,000 | | |
| प्राथमिक खर्च | 20,000 | | |
| रोकड़ और बैंक शेष | 10,000 | | |
| आयकर | 20,000 | | |
| | **8,00,000** | | **8,00,000** |

निम्नलिखित अतिरिक्त जानकारी के आधार पर ता. 31-3-2013 के रोज समाप्त होते वर्ष का लाभ-हानि खाता तथा उस दिन का ऊर्ध्वाधर (खड़ा) चिट्ठा तैयार कीजिये :

(1) ता. 31-3-2013 के रोज स्टोक ₹ 60,000.

(2) फर्नीचर पर 10% की दर से, प्लान्ट-यंत्रों और जमीन-मकान पर 5% की दर से घिसाई लगाइये ।

(3) देनदारों पर 5% डूबत ऋण अनामत का प्रावधान कीजिये ।

(4) संचालकों ने अधिमान अंश पूँजी पर 10% की दर से और इक्विटी अंश पूँजी पर 12% की दर से डिविडन्ड की शिफारिश की है ।

(5) कम्पनी की अधिकृत पूँजी ₹ 5,00,000 की है ।

(6) प्राथमिक खर्च के 10% अपलिखित कीजिये ।

**अथवा**

**4.** नेशनल इन्स्योरेन्स कम्पनी की निम्नलिखित जानकारी पर से आग बीमा विभाग के दोनों वर्ष के महेसूली खाता तैयार कीजिये : **14**

| विवरण | 31-3-2012 | 31-3-2013 |
|---|---|---|
| दावों का भुगतान | 7,00,000 | 8,00,000 |
| प्राप्त प्रीमियम | 10,00,000 | 12,00,000 |
| स्वीकृत पुन:बीमा के दावा | 70,000 | 50,000 |
| स्वीकृत पुन:बीमा का प्रीमियम | 6,000 | 7,000 |
| स्वीकृत पुन:बीमा का कमीशन | 200 | 300 |
| प्रत्यक्ष धंधा पर कमीशन | 48,000 | 60,000 |
| पुन: बीमा प्रीमियम का भुगतान | 52,000 | 65,000 |
| पुन: बीमा कमीशन का भुगतान | 3,000 | 4,000 |
| पुन: बीमा की वसूलात | 55,000 | 68,000 |
| दावों का कानूनी खर्च | 30,000 | 40,000 |

**अतिरिक्त जानकारी** :

(1) बकाया जोखिम की अनामत नियमानुसार कीजिये । अतिरिक्त अनामत शुद्ध प्रीमियम की आय का 5% जितना बढ़ाइये ।

(2) वर्ष 2011-12 और 2012-13 का प्रशासनिक खर्च क्रमश: ₹ 60,000 और ₹ 80,000 हुआ ।

(3) ता. 31-3-2011 के रोज भावी जोखिम की अनामत ₹ 2,00,000 और अतिरिक्त अनामत ₹ 1,00,000 थी ।

(4) ता. 31-3-2013, 31-3-2012 और 31-3-2011 के दिन बकाया दावा संबंधी दायित्व (देयता) क्रमश: ₹ 80,000, ₹ 60,000 और ₹ 50,000 था ।

(5) ता. 31-3-2013, 31-3-2012 और 31-3-2011 के दिन प्रीमियम का बकाया लेना क्रमश: ₹ 1,10,000, ₹ 80,000 और ₹ 70,000 था ।

5. निम्नलिखित प्रत्येक उप-प्रश्न के एक से अधिक उत्तर दिये गये हैं परन्तु उनमें केवल एक ही सही उत्तर है । सही उत्तर दीजिये : (कोई **सात**) **14**

(1) कम्पनी कानून के अनुसार अंश और ऋणपत्रों पर क्रमश: अधिक से अधिक कितने प्रतिशत अभिगोपन कमीशन (underwriting commission) दिया जा सकता है ?

(a) मूल कीमत का 5% और 2.5%

(b) प्रकाशित कीमत का 5% और 2.5%

(c) मूल कीमत का 2.5% और 5%

(d) प्रकाशित कीमत का 2.5% और 5%

(2) हिसाबी मानक-2 अनुसार वित्तीय पत्रकों में निम्नलिखित को दर्शाया जाना चाहिए :

(a) इन्वेन्टरी का प्रारम्भिक और अंतिम स्टोक

(b) इन्वेन्टरी के मूल्य मापन में प्रयुक्त हिसाबी नीति

(c) केवल तैयार माल का विवरण

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(3) बजाज लिमिटेड ने ₹ 1,00,000 की कीमत के शोधनीय अधिमान अंशो का शोधन करने के लिए 6,000 इक्विटी अंश प्रत्येक ₹ 10 वाले प्रकाशित किये । पूँजी शोधन अनामत खाते परिवर्तन की जाने वाली रकम कितनी होगी ?

(a) ₹ 1,00,000 (b) ₹ 60,000

(c) ₹ 40,000 (d) ₹ 6,000

(4) जब धंधा खरीदने वाला विसर्जन खर्च चुकाता है, तो क्रेता कम्पनी विसर्जन खर्च की रकम उधार करती है :

(a) विक्रेता खाते (b) बैंक खाते

(c) ख्याति खाते (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(5) ऋणपत्रों पर बकाया ब्याज ऋणपत्रधारी जाने देते हैं तब वह रकम ले जायी जाती है

(a) ऋणपत्र खाते (b) देनदार खाते

(c) पूँजी घटाव खाते (d) लेनदार खाते

(6) दो बोनस अंश प्रकाशित करने के बीच की समयावधि कम से कम होनी चाहिए :

(a) कोई समय मर्यादा नहीं (b) 3 मास

(c) 6 मास (d) 12 मास

(7) जब अंश जप्त किये जाते हैं तब जप्त किये अंशों पर मंगवाई रकम उधार होती है

(a) अंश पूँजी खाते (b) अंश माँग खाते

(c) पूँजी अनामत खाते (d) अंश जप्ती खाते

(8) समामेलन पूर्व के लाभ या हानि की गणना करते समय सेल्समेन का कमीशन बाँटा जाता है :

(a) समय के अनुपात में (b) बिक्री के अनुपात में

(c) समामेलन पूर्व के समय में (d) समामेलन बाद के समय में

(9) धंधा की खरीद तारीख 1-4-2013 स्थापना की तारीख 1-8-2013 । वर्ष सम्पूर्ण तारीख 31-12-2013 धंधा प्रारंभ करने की तारीख 1-9-2013 है । धंधा की खरीद कीमत पर ₹ 18,000 ब्याज भुगतान की तारीख 31-12-2013 है । समामेलन (स्थापना) पूर्व का और बाद के समय का ब्याज होगा :

(a) ₹ 8,000 और ₹ 10,000
(b) ₹ 10,000 और ₹ 8,000
(c) समामेलन के बाद में ₹ 18,000
(d) ₹ 9,000 और ₹ 9,000

(10) नहीं मांगा डिविडंड कम्पनी के चिट्ठे में _______ शीर्षक अन्तर्गत दर्शाया जाता है ।

(a) सामान्य अनामत
(b) सुरक्षित लोन
(c) असुरक्षित लोन
(d) चालू दायित्व एवं प्रावधान